ई–मेल द्वारा
अति महत्वपूर्ण/समयबद्ध

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त
राजकीय/अनुदानित एवं निजी क्षेत्र
की संस्थाएं।

पत्रॉंकः प्राशिप/अनु0–6/वि0सेमे0परी0 2025/4563 लखनऊः दिनांकः 05/11/2025

**विषयः विषम सेमेस्टर/स्पेशल बैक पेपर, परीक्षा नवम्बर–दिस0–2025 के परीक्षा फॉर्म भराये जाने विषयक।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक परिषद कार्यालय के पत्रांक प्राशिप/अनु0–6/वि0सेमे0परी0 नव0– दिस0 2025/4454 दिनांक 31/10/2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से विषम सेमेस्टर/स्पेशल बैक पेपर, परीक्षा नवम्बर–दिस0–2025 में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के परीक्षा फॉर्म स्टूडेंट लॉगिन के माध्यम से दिनांक **01/11/2025 से 05/11/2025** तक ऑनलाइन शुल्क का भुगतान कर परीक्षा फॉर्म भराये जाने संबंधी प्रक्रिया एवं अन्य दिशा–निर्देश दिये गये हैं।

अवगत कराना है कि छात्र/छात्राओं के भुगतान में आ रही समस्याओं के दृष्टिगत संस्था लॉगिन पर आपकी संस्था में अध्ययनरत् समस्त छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म परिषद को अग्रसारित करने हेतु इस निर्देश के साथ उपलब्ध कराया जा रहा है कि सभी पात्र छात्र/छात्राओं का परीक्षा फार्म (छात्र/छात्रा द्वारा भुगतान किया गया हो अथवा नहीं) आप द्वारा दिनांक 07/11/2025 तक प्रत्येक दशा में अग्रसारित किया जायेगा।

छात्र/छात्राओं द्वारा स्टूडेंट लॉगिन से भुगतान करने में आ रही समस्याओं के दृष्टिगत निम्नवत् निर्णय लिया गया है–

1. यदि किसी छात्र/छात्रा द्वारा Student login के माध्यम से पेमेंट करने एवं बैंक के माध्यम से सफलततापूर्वक पेमेंट का मैसेज प्राप्त हो जाने के उपरांत भी Make Payment का बटन प्रदर्शित होता है, इस परिस्थिति में छात्र/छात्रा को पुनः पेमेंट करने की आवश्कता नहीं है। अधिकतम 24 घंटे के अंदर ही पेमेंट अपडेट हो जायेगा अगर 24 घंटे के बाद भी पेमेंट अपडेट नहीं होता है तो पुनः पेमेंट कर दें, अतिरिक्त पेमेंट छात्र/छात्रा को जिस माध्यम से पेमेंट किया गया होगा, उसी माध्यम से वापस प्राप्त हो जायेगा।
2. कतिपय संस्थाओं द्वारा अवगत कराया गया है कि कुछ छात्र/छात्राओं के परीक्षा फॉर्म में परीक्षा शुल्क बिना भुगतान किये ही भुगतान (Paid) प्रदर्शित हो रहा है, तो इस सम्बन्ध में ऐसे छात्र/छात्राओं के परीक्षा फॉर्म संस्था द्वारा परिषद को अग्रसारित किये जायेंगे तथा ऐसे छात्र/छात्राओं के भुगतान के संबंध में परिषद द्वारा बाद में निर्णय लिया जायेगा।

3. परिषद द्वारा नये पाठ्यचर्या जो वर्तमान में संचालित है, उन विषयों में यदि किसी छात्र/छात्रा की बैक है तो ही बैक पेपर की परीक्षा समपन्न करायी जायेगी। शेष छात्रों की बैक पेपर परीक्षा आगामी सम सेमेस्टर परीक्षा में समपन्न होगी।

उक्त के दृष्टिगत छात्र/छात्राओं के लॉगिन पर भुगतान करने की अंतिम तिथि को **05/11/2025** से बढ़ाकर **07/11/2025** तक विस्तारित की जाती है।

यहाँ यह भी अवगत कराना है कि प्राविधिक शिक्षा अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन लखनऊ के शासनादेश संख्या– I/869158/2025/16–3099/12/2019, दिनांक 03/02/2025 में दिये गये निर्देशों के अनुसार प्रत्येक दशा में परिषद की विषम सेमेस्टर/स्पेशल बैक पेपर, परीक्षा नवम्बर–दिस0–2025 दिनांक 17/11/2025 से प्रारंभ होनी है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि प्राथमिकता के आधार पर अपनी–अपनी संस्थाओं में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के परीक्षा फॉर्म दिनांक 07/11/2025 तक प्रत्येक दशा में परिषद कार्यालय को अग्रसारित करना सुनिश्चित करें। यदि किसी भी पात्र छात्र/छात्रा का परीक्षा फॉर्म आप द्वारा अग्रसारित करने से वंचित रह जाता है तो उसका समस्त उत्तरदायित्व संस्था प्रधानाचार्य का होगा।

भवदीय,

(डॉ. संतोष कुमार सिंह)
सचिव।

**पृ0सं0: प्राविप/अनु0–6/वि0सेमे0परी0 2025/**4564–68 **तद्दिनांक:** 05/11/2025

**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवष्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–**

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को अपर मुख्य सचिव महोदय के अवगतार्थ।
2. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, लखनऊ।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र को इस आशय के साथ कि उपरोक्तानुसार अपने क्षेत्रान्तर्गत संस्थाओं को निर्देशित करने का कष्ट करें।
5. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ को परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर प्रदर्शित करने हेतु।

(डॉ. संतोष कुमार सिंह)
सचिव।